भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

श्रीनगर हवाई अड्डे पर आधारभूत स्वास्थ्य देखभाल तथा जागरूकता कार्यक्रम

नई दिल्ली, 10 नवम्बर, 2016: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय, कश्मीर के साथ मिलकर 9 नवम्बर, 2016, बुधवार को बेसिक लाइफ सपोर्ट (बी एल एस) प्रशिक्षण आयोजित किया गया । एक सप्ताह तक चले इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लोगों के जीवन में परिवर्तन लाना था । साथ ही हवाई अड्डा कर्मचारियों एवं यात्रियों को अच्छे व स्वास्थ्यप्रद जीवन शैली के विषय में जागरूक करने तथा आधारभूत स्वास्थ्य संबंधी देखभाल संबंधी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 1000 बजे से 1600 बजे तक गैर संक्रमक रोगों (एन सी डी) के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया ।

बी एल एस तथा जांच शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (उत्तरी क्षेत्र), श्री राकेश कालरा, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा श्री के. दुर्गा प्रसाद, महानिदेशक, सी आर पी एफ डॉ. सलीम-उर-रहमान, निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं कश्मीर, एस एस पी (ए एच जे) तथा श्री मंजूर दलाल, जम्मू कश्मीर पुलिस की उपस्थिति में किया गया । श्री राकेश कालरा द्वारा आश्वासन दिया गया कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर अन्य हवाई अड्डों पर भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि हवाई अड्डा स्टाफ व यात्री लाभान्वित हो सकें । श्री शरद कुमार विमानपत्तन निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, श्रीनगर हवाई अड्डा ने गैर संक्रमक रोगों को गंभीरता तथा खानपान व शारीरिक गतिविधियों की महत्ता पर प्रकाश डाला ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,
सं. 48/2016-17

श्रीनगर अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, श्रीनगर में बेसिक हेल्थ केयर तथा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ।